卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 16 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦23 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

**महानवमी**



नवरात्र के नवें दिन मां भगवती के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा की जाती है। ये सुख समृद्धि की प्रतीक मानी जाती है। इस दिन कन्या पूजन के साथ ही नवरात्र के व्रतों का पारायण होता है।

## बुराईयों को दूर करने का संदेश देती है मां दुर्गा : धामी



नानकमत्ता (उद संवाददाता)। मां दुर्गा ने ऋषियों की रक्षा करने के लिए दानवों का संहार किया। साथ ही भक्तों को यह संदेश दिया कि समाज से बुराईयों को दूर करने के लिए सभी कार्य करें। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज यहां बंगाली कालोनी में आयोजित मां दुर्गा महोत्सव का पूजा अर्चना के बीच फीता काट कर शुभारम्भ करने के बाद अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## पैसा कमाने के लिए गये थे विदेश, पहुंच गये जेल

**फर्जी वीजा बनाकर दो लोगों के साथ लाखों की धोखाधड़ी**

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लाखों की रकम लेकर शातिर ठगों ने फर्जी वीजा बनाकर दो लोगों को विदेश भेज दिया। वहां जाकर दोनों को न्यूजीलेंड पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने बमुश्किल जमानत कराई और वापस स्वदेश लौटे। वापस लौटकर जब पैसे वापस देने की की तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देने लगे। मामले में न्यायालय के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। न्यायालय में दिये गये दो अलग अलग प्रार्थना पत्रों में मन्जीत सिंह पुत्र श्री बलबीर सिंह निवासी ग्राम मल्सी, रूद्रपुर और बलजिंदर सिंह पुत्र पुत्र हरदेव सिंह निवासी ग्राम मल्सी ने बताया कि उनकी मुलाकात दलबीर सिंह पुत्र संतोख सिंह,सिमरजीत कौर पुत्री दलबीर सिंह निवासीगण ग्राम मनकरा फरदिया, तह0 व थाना–बहेडी, जिला–बरेली, सतिन्दरपाल सिंह बल पुत्र संतोख सिंह बल और अमनदीप कौर बल पत्नी सतिन्दर पाल सिंह बल से (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक की संदिग्ध मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र में एक युवक की बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। उसका शव किसान इंटर कॉलेज के समीप लावारिस



पड़ा पाया गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी निवासी जमन सिंह नेगी 40 वर्ष पुत्र हुकुम सिंह नेगी पेशे से कारीगर है। उसके एक 10 वर्षीय पुत्र दीपक तथा 7 वर्षीय पुत्री नैना है। बताते हैं कि रोजाना की भांति जमन सिंह गत रविवार की सुबह घर से निकला लेकिन देर तक वापस घर नहीं लौटा। इस दौरान परिजनों को चिंता सताने लगी। उन्होंने तमाम संभावित(शेष पृष्ठ सात पर)

## विवेचना के लिए गये दरोगा की वर्दी फाड़ी, एक गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पुराने मामले में विवेचना एवं गवाही के लिए गांव गए एसआई का विरोध कर युवक ने गाली गलौज कर दी। एसआई के मना करने पर आरोपी हाथापाई करने लगा। उसने एसआई की वर्दी भी फाड़ दी। हाथापाई में एसआई के हाथ में चोट लग गई। गांव पहुंचे पुलिस बल ने आरोपी को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई की। थाने के एसआई शंकर सिंह बिष्ट रविवार दोपहर पुराने मामले की विवेचना में गवाही लेने ग्राम पहसैनी पहुंचे थे। आरोप है कि गांव के मंदिर के पास अपना वाहन खड़ा कर लोगों से जानकारी ली। तभी मंदिर के पास रहने वाले भोला सिंह ने गाली (शेष पृष्ठ सात पर)

## शातिर ठग ने झांसा देकर गुरूद्वारे के सेवादार से ठगे साढ़े चार लाख

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारे के सेवादार को झांसा देकर एक ठग ने साढ़े चार रूपये ठग लिये। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने साईबर सेल में शिकायत की। जिसके बाद साईबर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साईबर सेल थाने में दी तहरीर में इंद्रा कालोनी गली नं. चार निवासी परमजीत सिह पुत्र स्व0 लाभ सिंह ने बताया कि वह गुरूद्वारे का सेवादार है। पिछले दिनों उसके मोबाइल पर एक फोन आया। कॉल करने वाले शख्स ने उसे बताया कि मैं उनका भांजा अर्स बोल रहा हूं। मुझे रूद्रपुर में प्लाट लेना(शेष पृष्ठ सात पर)

दशहरा पर्व

दिनांक 24 .10 .2023,सांय 5 बजे ,स्थान गांधी पार्क, रूद्रपुर

श्री रामलीला कमेटी (रजि.) रूद्रपुर

द्वारा दशहरा पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आप सभी धर्मप्रेमी जनता सादर आमंत्रित है



तिलकराज बेहड़
संरक्षक श्री रामलीला कमेटी ( रजि. ) रूद्रपुर
एवं विधायक किच्छा विधानसभा



पवन अग्रवाल
अध्यक्ष



विजय अरोरा
महामंत्री



अमित गंभीर CA
कोषाध्यक्ष



नरेश शर्मा
समन्वयक

श्री रामलीला कमेटी (रजि.) रूद्रपुर

# त्यौहारों पर बाजार की व्यवस्था में होगा बदलाव

## मनमानी करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

किच्छा( उद संवाददाता)। त्योहारों के मद्देनजर कोतवाली पुलिस एवं व्यापारियों के बीच हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क पर लगाई गई सफेद पट्टी के भीतर ही रहकर व्यापारी अपने समस्त कार्यों का संपादन करेंगे। सफेद पट्टी के बाहर सामान व फल ठेला लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।



यह भी तय किया गया कि जो भी व्यापारी अपना सामान निर्धारित सफेद पट्टी से बाहर लगाएगा उसका सामान जब्त कर जुर्माना वसूला जाऐगा। व्यापारियों को यह भी हिदायत दी गई कि वह अपने वाहन सफेद पट्टी के भीतर ही खड़ा करेंगे। ऐसा न करने पर संबंधित व्यापारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर वाहन एवं समान जब्त किया जा सकता है। निर्णय लिया गया कि जिन मुद्दों पर पुलिस एवं व्यापारियों के बीच अभी सहमति नहीं बनी है उनके लिए एक अन्य बैठक कर पुलिस और व्यापारियों के बीच सहमति बनाई जाएगी। कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार एवं वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद सिंह फर्त्याल ने बताया कि त्योहारों से पहले वह स्वयं जाकर व्यापारियों से यातायात व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए जाने के लिए स वार्ता करेंगे। तथा व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए ठोस रणनीति बनाते हुए वन वे यातायात संचालन की व्यवस्था कायम करेंगे ।उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल रोड पर त्योहारों को देखते हुए वन वे संचालन शीघ्र लागू कर दिया जाएगा। इस सड़क पर किसी को भी नियमों का उल्लंघन करने की छूट नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल रोड पर ज्यादातर जाम की स्थिति बनी रहती है जो कि त्योहारों के सीजन को देखते हुए ठीक नहीं है। इसलिए इस रोड पर वन वे नियम लागू किया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से निवेदन किया है कि पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई सफेद पट्टी के भीतर ही अपने वाहन, दुकानों का सामान इत्यादि रखने की व्यवस्था स्वयं करेंगे तो यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहेगी। यही नहीं जाम लगने से भी निजात मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राहकों को जगह देने पर ही ग्राहक व्यापारियों के दुकानों में आ जा सकेगा जो कि व्यापारियों के हित में ही है ।इसके अलावा नगर में संचालित टुकटुक वाहनों को भी कोतवाली प्रभारी ने हिदायत दी है कि नियमों का पालन करते हुए टुकटुकों का संचालन करें यदि ऐसा नहीं किया गया तो टुकटुकों को चीज भी किया जा सकता है। उधर व्यापारियों ने भी पुलिस द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करने का ऐलान किया है तथा जिन मुद्दों पर अभी सहमति नहीं बन पाई है उन मुद्दों में पुलिस और व्यापारियों की एक बैठक शीघ्र ही आयोजित की जाएगी तथा सभी मुद्दों पर सहमति बनाकर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। ऐसा अवसर पर नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार बजाज, महामंत्री विजय अरोड़ा, कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला के अलावा तमाम व्यापारी पुलिस कर्मचारी मौजूद थे।



# विधायक ने मैट्रोपोलिस सोसायटी में किया दशहरा महोत्सव का शुभारम्भ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मैट्रोपोलिस रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसायटी द्वारा दशहरा महोत्सव में डांडिया नाइट कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने फीता काटकर कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ। इस दौरान कमेटी के सदस्यों द्वारा विधायक शिव अरोरा को स्मृति के रूप में गदा भेंट कर सम्मानित किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा मैट्रोपोलिस सोसायटी द्वारा समय समय पर अनेको कार्यक्रम आयोजित करती रहती है, दशहरा महोत्सव कार्यक्रम जिसमे रंगारंग कार्यक्रम डांडिया नाइट पर सभी लोग परिवार सहित शामिल होकर आते हैं। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि



विजयदशमी बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक के रूप में पूरे देश मे मनाई जा रही है । सुंदर आयोजन के लिये के लिये मैट्रोपोलिस सोसायटी को बधाई दी इस दौरान अध्यक्ष देवेंद्र शाही, वीरपाल् सिंह, विक्रांत फुटेला,सुनील शुक्ला,बी, एल, चोमवाल,हितेश लालवानी,विनय दुबे, आदित्य कुमार, रवि सिंह, अवतार बिष्ट, योगेश वर्मा, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, विकास सागर, सुनील सागर, वासु गुम्बर, डम्मी चोपड़ा, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्वांचल समाज ने मेयर रामपाल को किया सम्मानित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। रविन्द्र नगर में मेयर रामपाल सिंह द्वारा छठ घाट का सौंदर्यीकरण कराये जाने पर पूर्वांचल सामज ने मेयर रामपाल सिंह का जोरदार स्वागत और अभिनंदन करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। पूर्वांचल समाज समिति की मांग पर मेयर रामपाल ने



रविन्द्र नगर स्थित छठ घाट का सौंदर्यीकरण कराया था। जिस पर पूर्वांचल समाज समिति की ओर से रविन्द्र नगर में आज मेयर के स्वागत में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्वांचल समाज के लोगों ने मेयर रामपाल सिंह को फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान पूर्वाचंल समाज समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि मेयर रामपाल सिंह ने पूर्वांचल समाज की भावनाओं हमेशा सम्मान किया है। छठ पर्व पर पर मेयर के साथ साथ पूरे नगर निगम प्रशासन का पूर्वांचल समाज को सहयोग मिलता रहा है इसके लिए पूर्वांचल समाज हमेशा मेयर रामपाल सिंह का आभारी रहेगा। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि वह जो भी काम कर रहे हैं वह उनका फर्ज है। उनके लिए पूरा शहर एक परिवार की तरह है। उन्होंने अब तक के कार्यकाल में हमेशा जनभावनओं को सम्मान देते हुए विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया है। किसी भी वार्ड के साथ उन्होंने कोई भेदभाव नहीं किया। पारदर्शिता और पूरी गुणवत्ता के साथ विकास कार्य कराये जा रहे हैं। नगर निगम में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के स्तर से जो भी विकास कार्य संभव हो सकते थे वह किये जा रहे हैं। नजूल भूमि पर मालिकाना हक दिलाने का जो वायदा उन्होंने जनता से किया था वह पूरा हो रहा है। जल्द ही हजारों लोगों को मालिकाना हक के पट्टे वितरित किये जायेंगे। मेयर ने कहा कि छठ पूजा पर घाट पर आने वाली माता बहनों के लिए व्रत पूजा के दौरान कपड़े बदलने के लिए घाट पर चेंजिंग रूम का निर्माण भी शीघ्र किया जाएगा जनहितों के लिए आगे भी कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष उत्तम दत्ता, मंडी समिति अध्यक्ष के के दास छठ पूजा समिति अध्यक्ष दिनेश गुप्ता पंकज गुप्ता, राजकुमार फुटेला जेबी सिंह, भारत भूषण चुघ, मनीष शुक्ला, हिमांशु शुक्ला, धीरेंद्र मिश्रा, पार्षद बबलू सागर, प्रमिला साहनी फुदेना साहनी, निशांत शाही, राम किशन कनौजिया, कन्हैया लाल, राकेश सिंह, जयंत सिंह, नन्द लाल शर्मा, वीरेन्द्र तिवारी, मोहन तिवारी, संतोष सिंह, ए पी सिंह, गीता गुप्ता, आरती सिंह संध्या रानी सुमन देवी आशा देवी सहित सैकड़ों लोगों उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकली मां मनसा देवी की शोभा यात्रा

काशीपुर(उद संवाददाता)। मां मनसा देवी की विशाल एवं भव्य शोभायात्रा हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ निकाली गई। मां मनसा देवी की शोभायात्रा के सफलतम 51 साल पूरे होने के अवसर पर अष्टमी तिथि को निकाली जाने वाली शोभायात्रा से पूर्व सुबह से ही





मां मनसा देवी मंदिर में अर्चना एवं हवन पूजन किया गया। । दोपहर बाद मां मनसा काशीपुर में धूमधाम से निकलती मां मनसा देवी शोभायात्रा देवी की प्रतिमा भाव ज्योत के साथ माँ मनसा देवी की प्रतिमा डोले में विराजमान की गई, जिसके बाद शोभायात्रा की शुरुआत हुई। शोभायात्रा शहर भर में विभिन्न मार्गों से होते हुए मां चामुंडा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद कई किलोमीटर की परिक्रमा कर कल सुबह तड़के वापस मां मनसा देवी मंदिर में आकर समाप्त हुई। बता दें कि बीते अनेक वर्षों से शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि को काशीपुर में मां मनसा देवी की विशाल शोभायात्रा का आयोजन होता चला आ रहा है। वैसे तो शोभायात्रा का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना रहा है। मां मनसा देवी शोभायात्रा में सैकड़ों झांकियां आकर्षण का केन्द्र बनीं खासकर महाकाल की झांकी आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा से पूर्व मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की भाँति विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय व आसपास के थाना क्षेत्र के अलावा भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। मां मनसा देवी की विशाल शोभायात्रा में पानीपत से आए पंचमुखी हनुमान की झांकी,माँ काली के अखाड़े व स्थानीय व दूरदराज से आये बैण्ड बाजों समेत बरेली, एटा, चंदौसी, बहजोई, जागेश्वर, मेरठ, इटावा, मुरादाबाद, दिल्ली, गाजियाबाद, पानीपत, बनारस, मुजफ्फरनगर, शोभायात्रा के नेतृत्व कर्ता रमेश बिजनौर व हरिद्वार से मनमोहक झांकियाँ आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहीं। इसके अलावा केरल की नृत्य झाँकी, एटा की झाँकी एवं बाहुबलि हनुमान,भगवान गणेश, माता काली मां सरस्वती, शिव पार्वती नृत्य, राधाकृष्ण नृत्य, चंद्रयान 3, अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर, की झांकियां भी शामिल रहीं। शोभायात्रा माँ मंशा देवी मंदिर से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए चामुंडा मंदिर पहुंची जहां से वापस मध्यरात्रि में वापस मां मंशा देवी मंदिर में समाप्त हुई।

# फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षित किशोरियों को सौंपे प्रमाणपत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड बहुउद्देश्यीय वित्त एवं विकास निगम लिमिटिड के सौजन्य से ज्योत्सना ग्राम विकास उद्योग समिति द्वारा फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण





कार्यक्रम का समापन किया गया। यह प्रशिक्षण 6 माह से जीविका अवसर प्रोत्साहन योजना (अनुसूचित जाति) के अंतर्गत किच्छा में चलाया जा रहा था। प्रशिक्षु किशोरियों को प्रशिक्षण समाज सेविका गुलनाज मलिक, मेनाज मलिक तथा सिलाई अध्यापक हुमा द्वारा दिया गया। समापन अवसर पर अपने संबोधन में संस्था के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश दुबे ने कहा कि प्रशिक्षण लेने के पश्चात सभी किशोरियां इसका लाभ स्वयं को आत्म निर्भर बनाने में उठाएं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए सिलाई के कार्य में आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। सरकार द्वारा विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से कम ब्याज दरों पर सब्सिडी के साथ ऋण भी उपलब्ध कराया जाता है। इस संदर्भ में जिला उद्योग कार्यालय से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। समाज सेविका एवं फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षिका गुलनाज मलिक ने कहा कि किशोरियों को स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कुछ न कुछ रोजगार परक कार्यों का प्रशिक्षण अवश्य लेना चाहिए। इससे वह न सिर्फ स्वयं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी वरन अपने भविष्य के लिए धन भी संग्रह कर सकेंगी। उन्होने कहा कि यदि परिवार की किशोरियां परिवार के भरण पोषण में आर्थिक रूप से सहयोग करने लग जाएं तो इससे अच्छी मिसाल और कुछ नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने की कोई उम्र नही होती है। जब चाहें उचित मध्यम से स्वरोजगार परक कार्यों का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं। इस दौरान पार्षद जगरूप सिंह गोल्डी, मंडल अध्यक्ष एजाज आलम, मास्टर ट्रेनर आफताब आलम आदि अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। छह माह के प्रशिक्षण समापन पर सरिता, मीना, निशा, नेहा, नैना, सुमन, काजल, खशबू , पूजा, प्रीति सहित सभी किशोरियों को प्रमाण पत्र वितरण किये गये।

# नवरात्र पर दिव्यांग कन्याओं का किया पूजन

देहरादून (उद संवाददाता) ।शारदीय नवरात्र महाअष्टमी के पावन अवसर पर नव्य भारत फाउंडेशन (एनबीएफ भारत) द्वारा 'मिशन अपर्णा शक्ति' के अन्तर्गत अनाथ व दिव्यांग बच्चों के साथ अपना घर (महिला व बाल सशक्तिकरण)आश्रम , बद्रीपुर, देहरादून व सशक्त स्पेशल स्कूल बालावाला, देहरादून में यह पावन पर्व मनाया गया। जिसमें नव दुर्गा देवी स्वरूपा दिव्यांग कन्याओं का कंजक पूजन भी किया गया व सभी बच्चो को प्रसाद बांटा गया और साथ मे स्टेशनरी, खेल ,राशन व अन्य जरूरत के सामान



दान किए गए। इस मौके पर नव्य भारत फाउंडेशन व एसएपीटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीजीआई चंडीगढ के फिजीयोथेरेपीसट डा० अनिरुद्ध उनियाल ने बताया कि यह बच्चे दिव्य अंग धारण करने वाले परमात्मा स्वरूप हैं व कन्या पूजन के माध्यम से बालिका संरक्षण व उनके सर्वांगीण विकास पर उन्होने जोर दिया। इस मौके पर ट्रस्टी देवानंद डोभाल, पंडित अजय उनियाल, अरविंद बिजलवाण, दिव्यांशी ,शताक्षी, डा० साक्षी, प्रमुगधा, आरना व टीम के अन्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे और सभी ने बच्चो को प्रसाद बाँटा व जरूरतमंद बच्चो के साथ यह पर्व मनाया।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# जसपुर में करोड़ों की टैक्स चोरी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आयुक्त राज्य कर डा0 अहमद इकबाल के निर्देशन में विगत 4 मार्च 2023 को राज्य कर विभाग के विशेष अनुसंधान शाखा रूद्रपुर के अधिकारियों द्वारा जसपुर के लकड़ी करोबारियों के 27 प्रतिष्ठानों, आवास, ट्रासपोटर्स, अधिवक्ताओं व चार्टड एकाउन्टेन्ट के दफ्तरों पर एक साथ छापेमारी की गयी थी। जिसमें लगभग 100 करोड़ के टर्नओवर पर 18 करोड जी0एस0टी0 की चोरी पकड़ी गयी थी। जिसमें शाहनवाज हुसैन अपने घर से फरार पाया गया, जिस कारण जिला प्रशासन के सहयोग से घर को सील कर दिया गया था। जो कि जिला प्रशासन की मौजूदगी में ही 15 मई 2023 को खोला गया। तलाशी में घर में विभिन्न फर्मों के बिल, ई वे बिल, बैक पासबुक, चैक बुक, व एटीएम कार्ड, मोहरें, कॉटा पर्चियॉ, मोबाईल फोन आदि अभिलेख प्राप्त हुए तथा कुछ फर्मों के बोर्ड भी पाये गये जिन समस्त चीजों को कार्यवाही के दौरान सील किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य जगहों से बड़ी मात्रा में डिजिटल साक्ष्यों जैसे मोबाईल फोन, लैपटॉप, सिम कार्ड, हार्ड डिस्क, पैन ड्राईव, सी0सी0 टी0वी0 डाटा बरामद किया गया था।उक्त सूचनाओं एवं डाटा




का 5 माह तक विस्तृत एनालिसीस करने के उपरान्त विशेष अनुसंधान शाखा रूद्रपुर द्वारा भारी मात्रा में टैक्स चोरी के इस मामले में कारण रविवार को विशेष अनुसंधान शाखा रूद्रपुर द्वारा जसपुर में चल रहे इस रैकेटे के मुख्य आरोपी शाहनवाज हुसैन की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर खुफिया सूचना एकत्र की गयी तथा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संयुक्त आयुक्त विशेष अनुंधान शाखा काशीपुर एवं उपायुक्त विशेष अनुसंधान शाखा रूद्रपुर विशेष प्रयास किये गये।उक्त प्रकरण में संलिप्त विभिन्न अन्य व्यापारियों जिनके द्वारा भारी मात्रा में करापवंचन किया गया है उनके विरूद्ध यथाशीध्र कठोर कार्यवाही करते हुए गिरफ्तारियॉ की तैयारी की जा रही है। उक्त कार्यवाही में अपर आयुक्त कुमॉऊ जोन राकेश वर्मा की देखरेख में संयुक्त आयुक्त विशेष अनुसंधान शाखा ठाकुर रणवीर सिंह के नेतृत्व में उपायुक्त विशेष अनुसंधान शाखा रूद्रपुर रजनीश यशवस्थी द्वारा सम्पूर्ण कार्यवाही को सम्पन्न करवाया गया। विशेष टीम में उपायुक्त विनय कुमार पाण्डेय एवं सहायक आयुक्त टीका राम चन्याल एवं विशेष अनुसंधान शाखा इकाई के अधिकारी सहायक आयुक्त राहुल कान्त आर्या, राज्य कर अधिकारी अनिल सिंह चौहान, नवीन काण्डपाल, मुकेश पाण्डे शामिल थे। विशेष अभियान हेतु गठित टीम में राज्य कर अधिकारी संदीप अरोरा, सुनील श्रीवास्तव, कुशल रौतेला एवं मितेश्वर आनन्द, प्रशासनिक अधिकारी विशाल अग्रवाल, संजय उपाध्याय, वरिष्ठ सहायक सुश्री कुसुम आदि शामिल थे। उक्त सम्पूर्ण अभियान में एसएसपी उधम सिंह नगर मंजुनाथ टिसी का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# मारपीट में एक नामजद चार अज्ञात पर भी केस

काशीपुर(उद संवाददाता)। गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक आरोपी को नामजद करते हुए उसके चार अज्ञात साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर आवास विकास निवासी सागर कपूर पुत्र पवन कपूर ने बताया कि रामनगर रोड पर ब्लेजर स्टोर के नाम से उसकी कॉस्मेटिक एवं इंपोर्टेड वाइन का शोरूम है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि बीते 21 अक्टूबर की शाम लगभग 7:25 बजे जब वह अपनी टाटा हैरियर गाड़ी से घर जाने की तैयारी में था इसी दौरान उसकी गाड़ी के ठीक पीछे काले रंग की स्कॉर्पियो की बुलेट पर महुआ खेड़ा गंज निवासी बंटी के अलावा चार लोग शराब पी रहे थे। गाड़ी हटाने की बात पर उपरोक्त सभी गाली गलौज मारपीट पर आमादा हो गए। इस दौरान शिकायतकर्ता बस्ती बचाते वापस शोरूम में आ गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसके पीछे से उपरोक्त सभी बदमाश टाइप युवक शोरूम में घुस आए और अंदर जाकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बंटी नमक आरोपी को नामजद करते हुए उसके चार अज्ञात साथियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
05944-246817

# पूर्व विधायक ठुकराल ने किया अनेक स्थानों पर दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने वार्ड नंबर 35 आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी द्वारा श्री श्री शारदीय मां दुर्गा पूजा, वार्ड नंबर 1 फुलसूंगा तीन पानी डैम दुर्गा पूजा कमेटी , वार्ड नंबर 37 श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी, ,आकाश बाटला,सहित सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि दुर्गा पूजा का हिंदू संस्कृति में विशेष महत्व है। यह पर्व बुराईयों को त्यागने और अच्छाईयों को विदेशी पाश्चात्य शक्तियां भारतीय संस्कृति व हमारा हिंदू धार्मिक ताना बाना ध्वस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि समग्र हिंदू समाज को अपनीभारतीय सभ्यता व संस्कृति को जीवित रखने के उद्देश्य से आने वाली



ग्राम पिपलिया नंबर1 समेत कई स्थानों पर दुर्गा पूजा महोत्सव में पहुंचकर सभी के लिए सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर आयोजकों कमेटी ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, उत्पल दीक्षित, अंकित बाटला ग्रहण करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा धार्मिक पर्व हमें अपनी संस्कृति से जुड़ने का अवसर देते हैं। पाश्चात्य सभ्यता से ग्रसित व दूषित हुए भारतीय समाज में भारतीय संस्कृति व सभ्यता तथा जीवन दर्शन को पुर्नस्थापित करने हेतु ईश्वरीय अराधना वव धार्मिक जनजागरण अति आवश्यक है क्यों कि पीढ़ी को देवी देवताओं की उपासना का ज्ञान कराना अति आवश्यक हो गया है ताकि युवा पीढ़ी अन्य भ्रामक दिशाओं की ओर न भटकें। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल गोविंद राय, बिट्टू ओझा, सरोज राय, गौतम मदक, संजय ढाली, असीमानंद गुहा, संजू मिस्त्री, अजय राय, शंकर पांडे, गोविंद धारामी, अनुज हालदार, प्रसनजीत भगत, राहुल मादक, विकास विश्वास, गुर्जर गुहा, सुशांत कुमार राय, कंकन विश्वास, नारायण पाल, मनी मंडल, ज्योतिष कराती ,महादेव हाजरा ,रंजन समझदार, रविंद्रधर, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, देवू मण्डल, श्यामल राय, कनि मण्डल, विकास मण्डल, निर्मल हालदार, दीपक हालदार, देवदास सरकार, अंकित बठला ,आकाश बाटला ,गगन ग्रोवर ,अक्षय मदान ,सुधांश, मानव सरकार ,प्रदीप विश्वास, संजय घोष ,गोपाल सरकार ,शंकर मलिक, महेंद्र पाल विश्वकर्मा, कार्तिक मंडल ,महेश मंडल ,अर्जुन विश्वास, हरीश अरोड़ा, सुशांत सरकार, कमलेश सान, सुकांत विश्वास, तारक सरकार ,नारायण डे, प्रशांत मंडल ,रंजीत राय, रवि सरकार, राजेश मंडल, अशोक शाह, प्रकाश अधिकारी, कमलेश सरकार ,महादेव वाला ,कृष्णा जोरदार, अमन चौहान, निरंजन राय ,मंदार सरकार , प्रशांत मुखर्जी, ज्योतिष बाला, राकेश बाला, पिंकू राय, पिंटू राय, शांति बाला, हर्षित मंडल, अतुल पोद्दार, अंकित बतला, आकाश बाटला, अक्षय मदान, गगन ग्रोवर आदि लोग उपस्थित थे।

# पांच लाख की डिमांड ना पूरी होने पर शादी से किया इंकार

काशीपुर(उद संवाददाता)। मां बेटी को जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर दो महिलाओं समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर रहमत नगर हिजड़े वाली गली गंगे बाबा रोड काशीपुर निवासी अतीकन पत्नी स्वर्गीय नईम अहमद नहीं बताया कि लगभग 3 वर्ष पूर्व उसने अपनी पुत्री उजमा का रिश्ता जमाईपुर, चांदपुर, जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश निवासी रेहान पुत्र शाहिद के साथ धूमधाम से किया। आरोप है कि सगाई के बाद रेहान ने उजमा को भरोसे में लेकर उससे मोबाइल फोन पर वीडियो कॉल एवं चौटिंग शुरू की। कुछ समय बाद इसी वीडियो क्लिप के सहारे रेहान ने दहेज में पांच- लाख रूपयों की डिमांड की। दहेज उत्पीड़न में रेहान की मां आसमा के अलावा रतन सिनेमा रोड काशीपुर निवासी बिल्किस पत्नी सगीर तथा सगीर पुत्र स्वर्गीय बशीर भी शामिल थे। डिमांड ना पूरी होने पर उपरोक्त सभी लोगों ने कन्या पक्ष को सोशल मीडिया पर बदनाम करने की धमकी दी। मामला चर्चाओं में आने पर दोनों पक्षों कि लोगों ने बैठकर आपस में समझौता कर लिया। इसके बाद रेहान से रिश्ता टूट गया। लड़की की दूसरी शादी चिरागला चांदपुर बिजनौर निवासी आरिफ पुत्र नफीस के साथ तय हुई। आरोप है कि रेहान में इतना कुछ होने के बावजूद भी लड़की की अश्लील वीडियो फोटो उसके भाई के अलावा उसके मंगेतर के मोबाइल फोन पर डाल दी जिससे उसका दूसरा रिश्ता भी टूट गया। इस घटना के बाद से लड़की पक्ष रेहान के परिजनों के बर्ताव से बेहद डरा सहमा हुआ है। फिलहाल पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर चारों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धाराओं में अभियोग दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत नशे के विरुद्ध अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर व श्रीमान क्षेत्राधिकारी सितारगंज के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक किच्छा के नेतृत्व मे चौकी दरऊ थाना किच्छा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राकेश कुमार पुत्र चेतराम निवासी ग्राम बंजरिया थाना शीशगढ़ जनपद बरेली उ0 प्र0को काशीपुर सितारगंज हाईवे किशोर हॉस्पिटल के पास से एक प्लास्टिक जरीकेन में 20लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने नवयुवक कला केंद्र किच्छा के तत्वाधान में हो रही रामलीला का दीप जलाकर कर शुभारंभ किया। श्री गणेश जी महाराज , प्रभु श्री राम, लक्ष्मण जी का वन्दन कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।उन्होंने कमेटी के सभी सदस्यों व उपस्थित



दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि 22 अक्टूबर को कमेटी के 50 वर्ष पूर्ण हो गए है यह नव युवक कला केंद्र के लिए एक गर्व की बात है।इस उपलक्ष में कमेटी के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके द्वारा कमेटी के लिए जो भी हो सकेगा किया जायेगा ।समिति के सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर विवेक दीप सिंह का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रहलाद खुराना, नितेश बाला, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल,रिंकल गुप्ता, ओमप्रकाश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अनुज जग्गी, विकास दाबड़ा, राज सक्सेना आदि लोग उपस्थित थे।

# संजय ठुकराल ने कराया कन्या पूजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी संजय ठुकराल ने दुर्गा नवमी के पावन पर्व पर साईं विहार रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी फेस एवं कन्याओं के समूह द्वारा आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सोसाइटी पार्क में सोसाइटी वासियों ने उनका फूल मालाओं और पटका पहनाकर



-1 कीरतपुर में जागरण के उपरांत विधिवत रूप से सोसाइटी पार्क में कन्या पूजन कराया। इस अवसर पर संजय ठुकराल ने अपने हाथों से कन्याओं को भोजन कराया एवं दक्षिणा फल आदि भी भेंट स्वरूप प्रदान की एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर अरविंदर चीमा, प्रवीण, विजय दास,विजय शर्मा, एडवोकेट एस एन वर्मा, खुशहाल भंडारी, अजय बेरी, जोगिंदर एवं सोसायटी के समस्त निवासी उपस्थित रहे।

# जीजीआईसी में आसरा ट्रस्ट ने बांटे स्कूली बैग और शिक्षण सामग्री

गदरपुर (उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में चलाए जा रहे 'बालिका शिक्षा' कार्यक्रम के माध्यम से,आसरा ट्रस्ट एवं 'द हंस फाउंडेशन, टाइटन कन्या प्लस' के माध्यम से स्कूल की सभी बालिकाओं को स्कूल बैग के साथ शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया जिसमें छात्रामाही, जीया, अलीना,अक्षरा,अलीशा आदि शामिल रही। जिला उधम सिंह नगर परिषद



के आसरा ट्रस्ट के प्रोग्राम मैनेजर पृथ्वी सिंह एवं आसरा ट्रस्ट के लाइफ स्किल मेंटर विनीता और ट्विटर सपना और ममता सहित स्कूल की सभी शिक्षिकाओं द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया। इस दौरान प्रभारी प्रधानाचार्य श्रीमती किरण पांडे के अलावा रश्मि आर्य,नीरू जोशी, नंदनी शर्मा,नीमा,ललिता आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही। प्रभारी प्रधानाचार्य डा.किरण पांडे द्वारा आशा ट्रस्ट का धन्यवाद करते हुए छात्राओं को दिए गए सहयोग पर आभार जताया ।

# रावण ने विभीषण को लात मारकर लंका से निकाला






रूद्रपुर( उद संवाददाता)। मुख्य रामलीला में रविवार रात्रि हनुमान जी की राम कैंप में वापसी, विभीषण निष्कासन, रावण–अंगद संवाद, कुंभकर्ण को जगाना, कुंभकर्ण वध तक की लीला का मंचन हुआ।विगत रात्रि की रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, समाजसेवी विनोद छाबड़ा बिट्टू एवम विशिष्ट अतिथि अनिल शर्मा, संजीव रस्तोगी, मोनिका ढाली, नें सपरिवार दीप प्रज्जवलित कर किया। रामलीला कमेटी ने सभी अतिथिगणो को माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित किया। गणेश वंदना, राम वंदना एवं हनुमान वंदना के बाद प्रारम्भ हुयी लीला के प्रथम दृश्य में लंका दहन करके हनुमान जी वापसी किष्किंधा लौटते हैं। हनुमान जी प्रभु राम को सीतामाता की चूड़ामणि सौंपकर उनसे मुलाकात का विवरण देते हैं। हनुमान जी रामजी को यह भी बताते हैं कि उन्होंने रावण के पुत्र अक्षयकुमार का वध कर दिया है, साथ ही वह रावण से भी मुलाकात कर आएं हैं। रावण द्वारा उनकी पूंछ में आग लगाए जाने पर लंका दहन भी कर आए हैं। उधर हनुमान द्वारा लंका दहन करने से कुपित रावण और मेघनाथ की विभीषण से बहस और विवाद हो जाता है गुस्से के मारे रावण विभीषण को लात मार कर लंका से निकाल देता है अपमानित विभीषण राम दल के पास पहुंच जाते हैं। राम को वानर दल का दूत यह खबर देता है हेलो तो राम उन्हें ऐसा सम्मान कैंप में लाने का आदेश देते हैं यहां विभीषण राम से शरण मांगता है तो राम उसे शरण देते हुए मित्रता कर लेते हैं। विभीषण राम कैंप के आसपास घूम रहे लंका के दो गुप्तचर को भी पकड़ कर राम को सौंप देते हैं जिनकी हनुमान जी अच्छी खासी मरम्मत करते हैं। राम जी विभीषण और राजा सुग्रीव व हनुमान जी से विचार विमर्श के बाद एक अंतिम दूध के रूप में अंगद जी को लंका भेजने का निर्णय करते हैं। अंगद जी लंका पहुंच जाते हैं और जहां पर उनकी रावण दरबार में रावण से मुलाकात होती है वह रावण को समझते हैं और न मानने पर उसे अपनी शक्ति का एक उदाहरण दिखाते हुए कहते हैं कि यदि मेरा यह पाओ आपका कोई भी सेनापति धरती से सकेगा तो हम अभी अपनी पराजय स्वीकार कर लेंगे रावण के समस्त सेनापति आकर अंगद जी का पांव उखाड़ने का प्रयास करते हैं लेकिन असफल रहते हैं आखिर में जब रावण ही स्वयं आकर अंगद का प्रारूप करना चाहता है तो अंगद कहते हैं कि मेरे पर पढ़ने से बढ़ गया है तुम प्रभु श्री राम जी के पैरों पर पड़ जाओ ताकि तुम्हें सद्गति मिल जाए और युद्ध की घोषणा करके वापस चले आते हैं। युद्ध प्रारंभ हो जाता है। रावण अपने महाबलशाली भाई कुंभकरण को जागने के लिए आदेश देता है। कड़ी में शॉर्टकट के बाद कुंभकरण को जगाया जाता है रावण कुंभकरण को युद्ध में जाने की आज्ञा देते हैं जहां युद्ध स्थल में राम और कुंभकरण का भारी युद्ध होता है और अंततः राम द्वारा कुंभकरण को मौत के घाट उतार दिया जाता है। गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर, राम की भूमिका में पुलकित बांबा, लक्ष्मण की भूमिका में गौरव राज बेहड़, हनुमान – सुशील गाबा, रावण की भूमिका में विशाल भुड्डी, मेघनाद की भूमिका मे रमन अरोरा, कुंभकर्ण की भूमिका में अमन गुम्बर, विभीषण की भूमिका में सचिन आनन्द नें शानदार अभिनय कर उपस्थित हजारो जनता का मन मोह लिया। संचालन मंच सचिव विजय जग्गा, केवल कृष्ण बत्रा एवं संदीप धीर नें किया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सीए, समन्वयक नरेश शर्मा, विजय जग्गा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबड़ा, कर्मचन्द राजदेव, सुभाष खंडेलवाल, केवल कृष्ण बत्रा, हरीश अरोरा, महावीर आजाद, अमित चावला आशीष मिड्डा, विजय विरमानी, मनोज गाबा, रघुवीर अरोरा, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, गौरव तनेजा, हरीश सुखीजा,मनोज मुंजाल, सौरभ राज बेहड़, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, सुभाष तनेजा,सचिन आनन्द, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी, दीपक अग्रवाल, अनमोल मिड्डा, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, गोगी, सन्नी आहूजा अमित वर्मा, कपिश सुखीजा, राजन राठौर, बिट्टू ग्रोवर, सनी आहूजा, सनी कोहली, लवी ग्रोवर, नीतिश धीर, पंकज सुखीजा, सुरेश बब्बर, आयुश्मान सुशील गाबा आदि उपस्थित थे।

## मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने किया रामलीला मंचन का शुभारंभ




## श्री रामलीला कमेटी ने अतिथियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर। मंच पर श्री रामलीला कमेटी द्वारा अति विशिष्ट नागरिकों का श्री रामनाम का पटका पहनकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अति विशिष्ट अतिथियों में ट्रांजिट कैंप थाना अध्यक्ष सुंदरम शर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, राजेश पप्पल, उमेश पसरीचा, सुनील ठुकराल, मनोज मदान, पत्रकार कंचन वर्मा, पत्रकार पूरन रावत, पत्रकार भानु चुघ, पत्रकार सुरेंद्र शर्मा, किरन विर्क, राजेश जग्गा, राजकुमार सीकरी, जतिन नागपाल, योगेश वर्मा, मयंक कक्कड़, तजेंद्र घई, आशीष गंभीर, डंपी चोपड़ा, संजीव छाबड़ा, पंकज बांगा, सुनील कुमार, विकास सागर को सम्मानित किया गया।

## प्रभु राम की सेवा में जुटे हुए है संदीप धीर



रूद्रपुर। नगर में श्री रामलीला के मंचन की शुरूआत कराने वाले स्व. किशोरी लाल धीर के पुत्र संदीप धीर प्रभु श्री राम की लीला में बढ़चढ़ कर सेवा कर रहे है। श्री रामलीला मंचन में मंच सचिव संदीप धीर संचालन की कमान संभाले हुए है। श्री रामलीला कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष रहे स्वर्गीय किशोरी लाल धीर के सुपुत्र संदीप पेशे से एक अध्यापक है। विगत 3 वर्षों से रामलीला संचालन कर रहे संदीप अपने संचालन कार्य में प्रभु श्री राम के प्रसंग, जिस लीला का मंचन हो गया है, उसके कलाकारों का परिचय एवं आने वाले दृश्यों के लिए दर्शकों को रुचि बनाए रखते हैं।

## सारथी फाउंडेशन बांट रहा तुलसी पौधे

रूद्रपुर। श्रीरामलीला मंचन में आनें वाले मुख्य अतिथियों को सारथी



फाउंडेशन द्वारा रोजाना तुलसी के पौधें भेंट कर पर्यावरण रक्षा का संदेश भी दिया जाता है। सारथी फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व में भी पर्यावरण रक्षा के क्षेत्र सहित अनेंकों क्षेत्रों में समाजसेवी की जाती रही है। सारथी फाउंडेशन में सचिन आनन्द, अमित कुमार, शालिनी शर्मा पांडे, चेतन जुनेजा, राजेश जैन, विमल रस्तोगी, सौरभ ग्रोवर, सुमित मुंजाल, सुमित आनन्द, अनीता मिश्रा सहित अनेंकों कार्यकर्ता कार्य कर रहें है।

## गांधी पार्क में दशहरे की तैयारी पूरी: पवन अग्रवाल



रूद्रपुर। श्रीराम लीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को गांधी पार्क में दशहरा पर्व मनाने हेतु तैयारियां चल रही है। पुतले आ चुके है। पूरे गांधी पार्क में बैरिकेडिंग हो रही है। रामलीला मंच तैयार हो रहा है। वीआईपी मंच, संचालन व्यवस्था हेतु भी व्यवस्थाएं अमल में लाई जा रही है। उन्होंने समस्त क्षेत्र वासियों से दशहरा महोत्व में पहुंचने की अपील करते हुए कहा कि मेले में आतिशबाजी के साथ रावण,मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जायेगा।

# मेघनाथ के ब्रह्मास्त्र से मूर्छित हुए लक्ष्मण





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन के बाहरवें दिन शुभारंभ उत्तराखंड युवा पंजाबी महासभा के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ एवं अग्रवाल सभा उत्तराखंड के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी विजय भूषण गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया, विधायक शिव अरोरा जी का भी सानिध्य मिला उनके साथ एलायंस सोसायटी के बाल कलाकार भी उपस्थित थे जिन्होंने अपने अभिनय की प्रस्तुति भी दी। श्री रामलीला मंचन में प्रभु श्री राम जी द्वारा रावण को समझने के लिए अंगद को दूत के रूप में रावण के पास भेजा जाता है अंगद के बार–बार समझाने के बाद भी रावण को समझ में नहीं आता है रावण और अंगद के बीच भीषण संवाद होता है और अंत में रावण अंगद द्वारा अपना पैर धरती पर जमा कर रावण के शूरवीरों की परीक्षा ली जाती है और कोई भी शूरवीर अंगद का पैर धरती से नहीं उठा पता है और अंगद द्वारा युद्ध का ऐलान किया जाता है। प्रथम दिन युद्ध के लिए रावण द्वारा मेघनाथ को भेजा जाता है मेघनाथ और लक्ष्मण का भीषण युद्ध होता है मेघनाथ द्वारा ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर लक्ष्मण को मूर्छित कर दिया जाता है प्रभु श्री राम लक्ष्मण की अवस्था देखकर बहुत ही व्याकुल होते हैं ऐसे में विभीषण की सलाह पर हनुमान जी सुषैण वैध को लेकर आते हैं सुषैण वैद्य जी बताते हैं कि अगर संजीवनी बूटी रात में आ जाए तो लक्ष्मण के प्राण बच सकते हैं हनुमान जी जाकर संजीवनी बूटी का पूरा पर्वत ही उठा लाते हैं और सुषैण वैध द्वारा संजीवनी बूटी से लक्ष्मण के प्राण बचाए जाते हैं। आज की लीला में कुंभकरण विभीषण संवाद, मेघनाथ द्वारा मां निकुंभला की पूजा, मेघनाथ सुलोचना संवाद,अंतिम विदाई, मेघनाद वध तक की लीला का मंचन किया जाएगा । विशेष भूमिकाओं



में रावण अतुल बांगा, अंगद दिव्यम घई,मेघनाद चेतन खनिजो,राम गौरव अरोरा, लक्ष्मण रविनकक्कड, हनुमान सनी कक्कड़, विभीषण विशाल गुंबर, सुग्रीव विशांत भसीन, मंत्री आदित्य कुमार, युवराज अरोरा,लवीश गावड़ी,कृष गावड़ी द्वारा बहुत ही सुंदर अभिनय किया गया। मंच संचालन जौली कक्कड़ ने किया ।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा सभी अतिथियों का पटका ओढ़ाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री शिव नाटक के सरपरस्त संजय ठुकराल, राजकुमार परुथी, सुखीजा,नरेश शर्मा, सूरज प्रकाश रमेश गुलाटी, महावीर सेवा दल से सुरेश राजदेव,सोनू गगनेजा, अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महासचिव राजकुमार भुसरी, कोषाध्यक्ष बबलू घई, निर्देशक नरेश घई, जीतू गुलाटी, उपाध्यक्ष बिट्टू अरोरा, अवतार सिंह खुराना, सचिव विजय परुथी, भारत हुड़िया, प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा, सनी अरोरा, अक्षित छाबड़ा, गर्व गुलाटी,राजीव भसीन, अनमोल घई, अरुण अरोरा, पुष्कर नागपाल, विशांत भसीन,राजदीप बठला, बंटी मुंजाल, राकेश तनेजा,गौरव गांधी ,विशाल गुंबर,प्रवीण बत्रा, प्रवीण ठुकराल, पुष्कर नागपाल, नैतिक तनेजा, मनीष अग्रवाल,अरुण अरोरा, सनी अरोरा ,राजीव झाम,हरीश जुनेजा, चिराग जुनेजा आदि उपस्थित थे।

# रामलीला में हनुमान के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

## भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा का किया स्वागत





गदरपुर (उद संवाददाता)।नगर के आवास विकास में आयोजित श्री शिव पार्वती रामलीला में अशोक वाटिका को उजाड़ना व लंका दहन का सुंदर मंचन का अवलोकन किया गया।वही नगर भर से हनुमान जी के दर्शन को जहां एक ओर जनता का सैलाब उमड़ा वही सैकड़ो की जनता के बीच मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, समाजसेवी कपिल अरोरा व वरिष्ठ समाजसेवी बलदेव ढींगड़ा का रामलीला कमेटी के अध्यक्ष प्रेम सचदेवा महामंत्री रमन छाबड़ा कोषाध्यक्ष जुगनू डंग द्वारा पगड़ी पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया ।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गुँजन सुखीजा ने कहा आज पूरा देश राममयी हो चुका है जगह जगह प्रभु राम की लीलाओं का मंचन दिखाया जा रहा है। पिता के वचनों को निभाना, भाई का भाई के लिए प्यार, हनुमान जी महाराज जैसे भक्त शिरोमणि जी की कृपा हम लोगो को प्राप्त हो रही है उन्होंने कहा आज पूरे भारत मे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के अथक प्रयासों से देश के समस्त हिन्दू धार्मिक स्थलों को अलग ही पहचान मिली है अमरनाथ यात्रा की बात हो या केदारनाथ धाम की हर जगह आज हिन्दू मजबूती से और पूरे हर्षोल्लास के साथ अपने ईष्ट देव के दर्शन करते है।उन्होंने कहा रामलीला असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत की अटूट मिसाल है उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहकर मातपिता की सेवा और आपस मे भाई चारे को मजबूत करने की बात कही वही अंत मे अपनी बात को पुनः करते हुए अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में दर्शन के लिए जाने का आवाहन किया। श्री रामलीला मंचन में मेघनाथ द्वारा हनुमान जी को ब्रह्म पास में बांधकर रावण के दरबार में लाया जाता है और रावण और हनुमान के बीच में भीषण संवाद होता है रावण द्वारा हनुमान जी को करने का प्रयास किया जाता है और विभीषण द्वारा यह कहकर कि यह दूत है इसका वध करना उचित नहीं है उसका बचाव किया जाता है और अंत में हनुमान की पूंछ में आग लगाकर पूरी लंका में घुमाया जाता है और हनुमान द्वारा पूरी लंका को ही जला दिया जाता है रावण इस बात पर क्रोधित हो जाता है कि विभीषण ने हनुमान को बचाया तो वह विभीषण को लंका से निष्कासित कर देता है रावण अपने भाई कुंभकरण के पास जाता है और उससे अपनी मदद की गुहार लगाता है कुंभकरण रावण को आश्वासन देता है कि कुंभकरण रावण के साथ है, इस प्रकार रावण राम युद्ध की घोषणा की औपचारिकता बाकी रह गई है जो कि आज के मंचन में की जायेगी। इस दौरान रामलीला के अध्यक्ष प्रेम सचदेवा, महामंत्री रमन छाबड़ा, कोषाध्यक्ष जुगनू डंग, व्यवस्थापक राकेश भुड्डी बंटी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र गगनेजा, राज गुम्बर, सतीश अनेजा, संतलाल हुड़िया, केवल फुटेला,अशोक बजाज, मदन अरोड़ा, कमल अनेजा ,सचिन गुप्ता ,मोहित अरोड़ा, राजीव शर्मा, मनीष सेतिया,दीपक कालड़ा,सुरेंद्र सचदेवा, बलदेव गाबा,नितिन छाबड़ा, विकास तनेजा, रूपेश वाधवा ,संजीव नागपाल, दीपक बेहड़,करण कालड़ा, दीपक बाठला, विशाल सक्सेना, अभिषेक शर्मा, सागर बेहड़,संजय डाबर, आदर्श मदान,राजू वाधवा,साहिल गुंबर, अजय कामरा,अनंत मदान,हनुमत भुड्डी,सौरभ सैनी, चिराग अनेजा ,राकेश कुमार, लक्ष्य वर्मा ,विभोर चावला, सिद्धार्थ बत्रा बंटी छाबड़ा, नीरज गुम्बर, विशाल हुड़िया,मुकेश पुनियानी, आकाश कोचर,सहित सैकड़ो राम भक्त मौजूद रहे।

## हनुमान ने जलाई रावण की लंका

गदरपुर (उद संवाददाता)। अनाज मंडी में चल रही श्री राम जी की लीला में रविवार रात्रि रावण हनुमान संवाद, लंका दहन, समुद्र पर पुल का निर्माण, विभीषण को लंका से निकालना, कुंभकरण को जगाना आदि दृश्यों का मंचन किया गया। जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ी। हनुमान जी की सुंदर भूमिका में साहिल सुधा ने लंका दहन दृश्य में चार चांद लगाए, रावण की भूमिका में उपनिर्देशक सिद्धार्थ भुसरी, मेघनाथ की भूमिका में अमन गाबा, विभीषण की भूमिका में दीपक छाबड़ा, कुंभकरण की भूमिका में प्रवीण गिलहोत्रा, मंत्री अविष



अरोड़ा, कपिल कमरा, मुनि भुसरी , करण कालरा, अभिषेक सक्सेना, अनुराग अरोड़ा, शौर्य भुड्डी, अमन बितोलिया, युवराज कुमार, यश अरोड़ा, अमन छाबड़ा और अन्य कलाकारों ने मिलकर श्री राम जी की लीला का मंचन किया। डॉयरेक्टर अशोक पोपली, अशोक सुधा, जगदीश भुड्डी, सुभाष खुराना द्वारा कलाकारों की निर्देश दिए गए। श्री रामलीला देखने पधारे किन्नर समाज के वरिष्ठ लोगों को श्री रामलीला अध्यक्ष रवींद्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, कोश्याधक्ष्य कृष्ण अनेजा ने मंच पर बुलाकर स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। किन्नर समाज द्वारा श्री राम जी की लीला का महत्व एवम इससे मिलने वाली प्रेरणा का बखान किया गया। श्री रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारी एवम सदस्यों ने तालियां के साथ कलाकारों को सराहा एवम उनकी मेहनत और लगन की भी तारीफ की। श्री रामलीला देखने पधारे सभी श्रद्धालुओं का अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने आभार प्रकट किया।

## श्री दुर्गा मंदिर मां के भजनों से हुआ गुंजायमान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन शारदीय नवरात्र के अवसर पर गत रात्रि अष्टमी दिवस पर श्री दुर्गा मंदिर में मां भगवती की चौकी आयोजन का क्रम जारी विजय गांधी, ज्योति गांधी, पवन गांधी, निधि गांधी, यश गांधी, रीमा गांधी, ईशांन गांधी, ऐशनी गांधी व उनके परिजन शामिल हुए। जिसके पश्चात मुरादाबाद आमंत्रित वाली मैया बुए मंदिरां दे खोल, तेरा वसदा रहे दरबार नी मां साड़ा सुखी रहे परिवार मां, गली गली होका देवे मैया दा फकीर, मांवां नूं पुत्तर देवे बहनां नूं वीर, आदि भजन अंजली मिश्रा, अनिल ठुकराल, रीतू मुरारी, चांद मदान, कृष्ण मुरारी धीर, पिंकी, प्रदीप, अनुज कक्कड़, मनोरमा, रक्षा अरोरा, तेजस्वी मिश्रा, गुंजन ठुकराल, मिनी







रहा जिसमें आमंत्रित भक्त गायक कलाकारों द्वारा भजन सुनाकर मां की महिमा का गुणगान किया गया। इससे पूर्व पं. नवीन मिश्रा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। जजमान के रूप में श्रीमती राजरानी गांधी, लोकेश गांधी, अंजू गांधी, भजन गायक पप्पू चावला व स्थानीय गायक कलाकार अमित अरोरा ने मां के कई भजन सुनाकर मौजूद भक्तजनों को भक्ति में झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, हम मैया वाले हैं मैया से करते हैं प्यार, शेरां सुनाये। इस दौरान मौजूद सभी भक्त तालियां बजाते हुए मां के जयकारे लगाते रहे। इस मौके पर रेनू अरोरा, गुरूशरण बब्बर सन्नी, किशन नारंग, दिवेन्द्र कुकरेती, यमन अरोरा, नीलम गुलाटी, प्रवीन गुलाटी, दिनेश गुप्ता, बबीता ठुकराल, कंचन धीर, मंजू बब्बर, ठुकराल, शालिनी ठुकराल, विक्की गाबा, रीतू गाबा, ज्योति नारंग, विशाल गाबा, पूनम गाबा, अनिल अरोरा, नीलम अरोरा, मनोज मदान, सुमन छावड़ा, राज अरोरा, डा. दिव्या अरोरा, लव मिश्रा, लवप्रीत, पवन गावा, आशा गाबा आदि मौजूद थे।

## सांसद भट्ट व चुघ ने किया भगवती जागरण का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन नवरात्र के सप्तमी दिवस पर गत रात्रि होम्स ग्रीन वेलफेयर सोसाइटी फेज–7 में माँ भगवती का विशाल जागरण आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट एवं विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने पूजा अर्चना के साथ पावन ज्योत प्रज्वलित कर मां भगवती जागरण का शुभारंभ किया। इससे पूर्व सांसद रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट एवं विशिष्ठ अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ तथा भाजपा नेता विपिन जलहोत्रा का आयोजकों द्वारा शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्री भट्ट तथा श्री चुघ ने मां दुर्गा



का आर्शीवाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पावन नवरात्र पर्व में पूजा अर्चना करने वाले भक्तों पर मां दुर्गा की विशेष कृपा होती है। वैसे मां का आर्शीवाद सभी भक्तों पर हमेशा ही बना रहता है। उन्होने कहा कि अष्टमी एवं नवमी नवरात्र पर कन्या पूजन का भी विशेष महत्व माना गया है। इस दौरान भजन गायक कलाकारों ने मां भगवती के कई भजन सुनाकर भक्तजनों को मां की भक्ति में मग्न कर दिया। प्रातः तारा रानी की कथा के पश्चात मां की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सुधीर चौधरी, मनोज सैनी, सुनील मिश्रा, मुकुट यादव, सुमित कुमार, अनुज त्यागी, कांडपाल, हरीश मिश्रा, कांति सक्सेना, दिनेश गंगवार, अमित कुमार देव ग्रीन वेलफेयर सोसायटी फेज–7 कालोनी वासी व अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

## 21 वर्षो से रावण की भूमिका निभा रहे हैं संजीव नागपाल





गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के वार्ड 8 के पूर्व सभासद एवं वरिष्ठ समाजसेवी विगत 21 वर्षों से लगातार रावण की भूमिका को निभाते आ रहे है। रावण के अलग अलग स्वरूप को दर्शाते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके संजीव नागपाल को रावण के पाठ को अदा करते नगर से ही नही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो व नगरों से भी लोग रामलीला में पहुचते है।वैसे तो संजीव नागपाल को रामलीला का मंचन करते हुए लगभग 28 वर्ष हो चुके है जिसमे उन्होंने सुग्रीव, बाली, मेघनाथ जैसे बहुत से किरदारों को निभाया है वही हास्य कलाकार के रूप में भी जनता को हँसते हँसाते लोटपोट भी किया है।विगत 57 वर्षों से हो रही पुरातन श्री शिव मंदिर रामलीला से श्री शिव पार्वती रामलीला तक अपनी प्रतिभाओं से जनता के दिलो को जीतने का एक अलग ही हुनर संजीव नागपाल में नजर आता है।आज नगर में बाल रामलीलाओं में रावण का किरदार निभाने वाले नवयुवक भी संजीव नागपाल के हावभाव व उनके एक्शन व देखने के अंदाज को कॉपी करने का प्रयास करते है।संजीव नागपाल ने अपने वर्षो के अनुभव को सांझा करते हुए रामलीला में अपनी आस्था को बढ़ाने व समर्पित रहने की बात कही।

## पावन ज्योति के सम्मुख किया हवन यज्ञ, कल ज्योत का होगा विसर्जन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री दुर्गा यात्रा समिति द्वारा श्री दुर्गा मंदिर रुद्रपुर में 32 वी मां वैष्णो दरबार यात्रा में हिमांचल प्रदेश से लाई गई माँ ज्वाला जी महन्त राजीव ठक्कर ने पूरे विधि विधान से पूजा कराई और माता की दुर्गा सप्तमी के श्लोकों से मन्त्र आदि पढ़े हवन कुंड में आहुति दी गयी। अंत में किया गया और सभी को प्रसाद वितरित किया गया। सभी भक्तो ने कन्याओं से माँ स्वरुप में आशीर्वाद लिया। यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल ने के भक्त यात्रा संयोजक वेद ठुकराल, सभा अध्यक्ष रेनू अरोरा, गुरशरण बब्बर, महंत राजीव ठक्कर, अमित दुआ, विपिन अरोरा, पंकज शर्मा, नजीर





की पवित्र ज्योति के नवरात्रि दर्शन के बाद आज प्रातः दुर्गा मन्दिर में माँ की ज्योति के सम्मुख हवन पूजन किया गया। जिसमे पण्डित नवीन मिश्रा और सभी माँ भक्तो द्वारा पूर्ण आहुति डाली गयी। हवन के बाद माता रानी की आरती की गयी साथ ही कन्या पूजन भी किया गया। जिसमें 108 कन्याओं का पूजन बताया कि कल 24 अक्टूबर को प्रातः विजय दशमी के दिन माँ की ज्योति का विसर्जन रामनगर गर्जिया मंदिर में कोसी नदी में किया जायेगा। हवन में आज माँ सिंह, देवेंदर कुकरेती, विद्या विरमानी, अंजना मिश्रा, राजीव गंभीर, शशि अरोरा, मंजू गाबा, सत्यवती, शिव धन पांडे आदि माता के भक्त मौजूद थे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मानवयुक्त गगनयान मिशन

चंद्रमा और सूर्य के अध्ययन के लिए अंतरिक्ष यान भेजने के बाद अब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने एक और कामयाबी हासिल कर ली है। गगनयान टीवी-डी1 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण कर भारत ने मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन के क्षेत्र में कदम रख दिया है। गगनयान का मकसद पृथ्वी से चार सौ किलोमीटर की कक्षा में मनुष्य को भेजना और फिर उन्हें सुरक्षित वापस लाना है। हालांकि अभी इस योजना का प्रायोगिक चरण पूरा हुआ है। अगले साल इस यान में एक रोबोट को भेजा जाएगा। फिर 2025 में तीन लोगों को बिठा कर तीन दिन के लिए भेजा जाएगा। अगर यह मिशन कामयाब होता है, तो भारत मानवयुक्त अंतरिक्ष यान भेजने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। इसके पहले अमेरिका, रूस और चीन अंतरिक्ष में मनुष्य को सैर के लिए भेजने का परीक्षण कर चुके हैं। दरअसल, अंतरिक्ष में यान भेजना और उसे फिर से धरती पर सकुशल उतार पाना एक कठिन चुनौती है, इसलिए ऐसे अभियानों को लेकर वैज्ञानिक प्राय: सशंकित रहते हैं। गगनयान को भी इसीलिए पूरी तरह सुरक्षित बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यान के जिस हिस्से में लोगों को बिठा कर भेजा जाएगा, उसे इस तरह बनाया गया है कि उसमें पृथ्वी जैसा वातावरण रहे और समुचित भोजन आदि की व्यवस्था मिले, मगर सबसे बड़ी चुनौती किन्हीं विषम परिस्थितियों में अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित वापस लाने की है। अंतरिक्ष सदा से मनुष्य के लिए रहस्य रहा है। अंतरिक्ष में जाना और उसे देखना, अनुभव कर पाना बहुत सारे लोगों के लिए एक रोमांचक सपने की तरह है। ऐसे में तकनीकी रूप से सक्षम हर देश सुगम अंतरिक्ष यात्रा को न सिर्फ एक वैज्ञानिक उपलब्धि के रूप में हासिल करना चाहता है, बल्कि इसे एक नए कारोबारी क्षेत्र के रूप में भी देख रहा है। कुछ निजी उद्यमी भी इस क्षेत्र में उतरने को आतुर दिखते हैं। एलन मस्क भी घोषणा कर चुके हैं कि 2025 में वे अंतरिक्ष की सैर कराने का अपना कारोबार शुरू कर देंगे। इस दृष्टि से भारत का गगनयान भी अंतरिक्ष की सैर पर जाने को तैयार हो रहा है। सबसे उत्साहजनक बात यह है कि इस यान को पूरी तरह देशी तकनीक से तैयार किया गया है। पहले ही पीएसएलवी, चंद्रयान और आदित्य एल-1 जैसे यान पूरी तरह भारतीय तकनीक से विकसित होकर कामयाबी हासिल कर चुके हैं। गगनयान उसी कड़ी में अगली उपलब्धि है। अंतरिक्ष में पहुंच बनाना और निरंतर नई-नई संभावनाओं की तलाश करते रहना अब केवल जिज्ञासा शमन के लिए नहीं, बल्कि कारोबारी दृष्टि से भी जरूरी हो चुका है। भारत ने देशी तकनीक से प्रक्षेपण यान विकसित कर अब दुनिया के उपग्रह प्रक्षेपण कारोबार में अपनी एक मजबूत स्थिति बना ली है। यह दुनिया में सबसे सस्ती दरों पर उपग्रह प्रक्षेपण करता है, जिससे बहुत सारे देश इसकी मदद पर निर्भर हैं। इसी तरह चंद्रमा, मंगल, शुक्र आदि ग्रहों पर यान भेज कर न केवल उनकी वास्तविकता समझने की कोशिश की जा रही है, बल्कि वहां उपलब्ध खनिजों के उपभोग का भी अवसर जुटाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गगनयान का मकसद किसी शोध से नहीं, बल्कि लोगों को अंतरिक्ष की सैर कराने से जुड़ा है। चार सौ किलोमीटर ऊपर की कक्षा में अभी तीन दिनों के सफर की योजना है, आगे तकनीकी क्षमता विकसित होने पर निस्संदेह इसकी अवधि और दूरी बढ़ाने पर विचार होगा। यह वैज्ञानिक उपलब्धि के अलावा अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में भी सहायक होगा।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों की समाज में अहम भूमिका : धामी

## प्रदेश की 167 आंगनवाड़ी एवं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को सुपरवाइजर के पद पर मिली नियुक्त

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्य सेवक सदन मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए प्रदेश की 167 आंगनवाड़ी एवं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को सुपरवाइजर के पद पर नियुक्त होने पर नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने नन्दा गौरा योजना एवं मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि दुर्गा अष्टमी के दिन 167 आंगनबाड़ी और मिनी आंगनवाड़ी माताओं-बहनों को सुपरवाइजर के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों की समाज में अहम भूमिका है। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां, मां यशोदा की तरह बच्चों का पालन-पोषण करती हैं। राज्य सरकार आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति मजबूत करने के लिए पूर्ण रूप




से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी पद से चयन कर सुपरवाइजर हेतु निर्धारित कुल 299 पदों के सापेक्ष 167 रिक्त पदों पर नियुक्ति दी जा रही है। साथ ही समस्त आंगनवाड़ी कर्मियों का मानदेय राज्य स्तर से सीध `उनके बैंक खातों में ऑनलाइन लगभग 24 करोड़ रूपये प्रति माह भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज महालक्ष्मी किट योजना के अनुश्रवण (मॉनिटरिंग) हेतु पोर्टल के उद्घाटन से प्रति वर्ष राज्य की लगभग 50 हजार ध त्री महिलाओं व नवजात शिशुओं को आवश्यक कपड़े एवं किट की सामग्री सुलभता से उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नन्दागौरा योजना के पोर्टल के उद्घाटन से प्रतिवर्ष लगभग 50 हजार बालिकाओं को जन्म पर 11 हजार व कक्षा 12 उत्तीर्ण करने पर 51 हजार की धनराशि हेतु आवेदन करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने उत्तराखण्ड को 3940 आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की है। प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए घ12 लाख की धनराशि - मनरेगा, केन्द्र व राज्य का अंश मिलाकर-निर्धारित की गई है। इस दौरान कार्यक्रम में सचिव हरीश चंद्र सेमवाल, अपर सचिव प्रशांत आर्य एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों के दल को किया फ्लैग ऑफ

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार मुख्य सेवक सदन मुख्यमंत्री आवास में आगामी 37वें राष्ट्रीय खेल में राज्य से प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के दल को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य की ओर से प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को खेल किट वितरण कर शुभकामनाएं दी।मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी खिलाड़ी अपने मनोबल एवं लगन से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखण्ड का नाम रोशन करेंगे। राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ी अपनी कुशल खेल प्रतिभा के बल पर देवभूमि का नाम अवश्य रोशन करेंगे। उन्होंने कहा इस वर्ष खेल विध ाओं एवं खिलाड़ियों की संख्या में वृद्धि हुई है।उन्होंने कहा कि राज्य में प्रतिभा को बढ़ाए जाने के मकसद से खेल प्रतिभाशाली और उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए खेल छात्रवृत्ति देने का कार्य जारी है। राज्य में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु ''नई खेल नीति'' लाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों



को जमीनी स्तर से खेल क्षेत्र में रूचि लाने हेतु 14 से 23 वर्ष तक के खिलाड़ियों को ''मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना'' के अंतर्गत 2000 प्रति माह छात्रवृत्ति एवं 10 हजार रुपए प्रति वर्ष संबंधित खेलों हेतु किट खरीदने के लिए दिए जा रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना में 08 से 14 वर्ष के उभरते खिलाड़ियों को 1500 रूपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है। साथ ही खिलाड़ियों को नियमानुसार त्वरित वित्तीय लाभ दिये जाने हेतु मुख्यमंत्री खेल विकास निधिश्की स्थापना भी की गयी है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री छंतमदकतं डवकप जी ने पिथौरागढ़ दौरे के दौरान प्रदेश के प्रत्येक खिलाड़ी का मान बढ़ाया है। राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण शिविरों में यात्रा के दौरान दुर्घटना होने पर आर्थिक सहायता की व्यवस्था की है। खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खिलाड़ियों के बीच आकर स्वयं को गौरवान्वित एवं ऊर्जावान महसूस कर रही हूं। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ लोगों का खेल के प्रति नजरिया भी बदला है। उत्तराखंड खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में उत्तराचंल ओलंपिक एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष निर्मान मुखर्जी, महासचिव डॉ. डी.के सिंह, निदेशक खेल जितेंद्र कुमार सोनकर, डॉ. अलकनंदा अशोक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# नैनीताल जनपद में इस वर्ष 84 सड़क हादसों में 80 लोगों की मौत

## उत्तराखंड में 1220 सड़क हादसे, 750 लोगों की मौत, 1112 घायल

नैनीताल। नैनीताल जिले में दुर्घटनाओं में कमी जरूर आई लेकिन चिंता की बात है कि हादसों में मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। ये नहीं बल्कि परिवहन विभाग के आंकड़े साबित कर रहे हैं। पिछले साल नैनीताल जनपद में जनवरी से सितंबर तक 184 सड़क हादसों में 80 लोगों की मौत हुई और 165 घायल हो गए। इस साल की बात करें तो जनवरी से सितंबर के बीच 154 सड़क हादसे हुए जिनमें 83 लोगों को जान गंवानी पड़ी और 145 लोग घायल हुए। उत्तराखंड में इस साल 1220 सड़क हादसे हुए हैं। इसमें 750 लोगों की मौत हुई और 1112 लोग घायल हुए हैं। सड़क हादसों को लेकर नैनीताल, ऊधम सिंह नगर, देहरादून और हरिद्वार संवेदनशील हैं। इसे लेकर परिवहन सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी ने निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने क्रश बैरियर लगाने के लिए लोनिवि को दस लाख रुपये सड़क सुरक्षा कोष से जारी किए हैं। इसके अलावा अतिरिक्त राशि भी बजट के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। सचिव ने साइकिलों में रिफलेक्टर लगाने के भी निर्देश दिए हैं। नैनीताल में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। एसपी यातायात व क्राइम डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि पिछले 20 दिन में पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने, तेज गति और गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 4674 लोगों के चालान किए हैं। इसमें 253 वाहन सीज किए हैं। बताया कि तेज रफ्तार गाड़ी भगाने वाले 395 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त कराने की भी कार्रवाई की जा रही है।

# खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी के खिलाफ चलेगा विशेष अभियान

देहरादून (उद संवाददाता)। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा, प्रदेश में मिलावटखोरी के 227 मामलों का न्यायालय से निपटारा कर 61 लाख की वसूली गई। त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी रोकने के लिए पुलिस के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिलावट की शिकायतों के लिए शुरू किया गया टोल फ्री नंबर 24 घंटे चालू रखें। शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री ने विधानसभा स्थित सभाकक्ष में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक ली। अधिकारियों ने बताया, विभाग की ओर से लगातार मिलावटखोरी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।जनवरी से सितंबर 2023 तक 1506 खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए, जिसमें 207 सैंपल जांच में मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। इन मामलों में फूड सेफ्टी एक्ट के तहत न्यायालय में वाद दायर किए गए। कई न्यायालय से अब तक 227 मामलों का निस्तारण कर 61 लाख रुपये की वसूली की गई।स्वास्थ्य मंत्री ने कुट्टू का आटा व नकली मावा से बनी मिठाइयों के विक्रय पर रोक लगाने को अफसरों को निर्देश दिए। कहा, मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिक से अधिक खाद्य सैंपल लिए जाएं। शिकायत दर्ज करने के लिए शुरू किए गए फ्री नंबर 18001804246 चालू रखें। साथ ही शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए। बैठक में सचिव स्वास्थ्य एवं आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग डॉ. आर राजेश कुमार, डीआईजी पी रेणुका देवी, राज्य औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह, संयुक्त आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. आरके सिंह, उपायुक्त जीसी कंडवाल, पीसी जोशी सहित अन्य विभागीय एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# मुंबई के सिंगर अतुल पंडित के गीतों पर झूमे लोग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सार्वजनिन श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव में गत दिवस महाष्टमी का पूजा अनुष्ठान को विधि रूप से पूजा पाठ के माध्यम से शुरू किया गया।सर्वप्रथम माँ दुर्गा की आराधना कि गई उसके बाद पूजा की अंजलि सभी भक्तों के साथ भक्तिमय वातावरण के साथ की ।संध्या कालीन महाआरती प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महापौर रामपाल सिंह, बीजेपी नेता उपेंद्र चौधरी, गौतम हॉस्पिटल के मालिक सुनील गौतम, उत्तम दत्ता, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष दिवाकर पांडे, तरुण दत्ता, परिमल राय, चंद्रशेखर गाँगुली, हिमांशु शुक्ला, अनिल चौहान, राकेश सिंह, बबलू सागर पार्षद, सत्य प्रकाश चौहान, सुंदरम शर्मा इंस्पेक्टर,







ट्रांजिट कैंप थाना आदि नागरिक गणों के साथ आरती कार्यक्रम को शुरू किया गया।आरती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुकुमार रफ्तान, द्वितीय स्थान ज्योति सरकार व तृतीय स्थान पर हेमलता साहा रही।आरती प्रतियोगिता के जज तुलसी साहा व रंजीत थे। इसके बाद पूजा महोत्सव पर रात्रि सांस्कृतिक मंच पर मुंबई से आए सिंगर अतुल पंडित ने अपने बैंड के साथ अपने सुरों का जबरदस्त संगम का माहौल तैयार किया। देर रात तक सुरों का अटूट संगम चलता ही गया युवाओं में संगीत को लेकर दीवानगी छाई हुई थी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपाल सिंह, सुनील गौतम, उत्तम दत्ता, सुशांत मण्डल, निर्मल मण्डल, देवप्रकाश चक्रवर्ती, देवाशीष मण्डल, परिमल राय, चंद्रशेखर गाँगुली आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सभी अतिथियों का सम्मान कमेंटी के अध्यक्ष व पूरी टीम ने शॉल व मोमेंटो देकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान पूजा कमेंटी के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी, सचिव महेश राय, उपाध्यक्ष विजय दे, अमन सरकार, किशोर दे, अभिजीत दास, रोहित अधिकारी, कोषाध्यक्ष प्रदीप साहा ऑडिटर सचिन मण्डल, सांस्कृतिक प्रभारी नन्द शेखर गाँगुली, शुभम दास, बिट्टू ढाली, राज सरकार, राज चक्रवर्ती, मिडिया प्रभारी मानस बैरागी सुबीर वंदना दास, शंकर विश्वास, विजय साना, रोहित हालदार, आकाश मण्डल, किशोर मिस्त्री, मनोज हीरा, किशोर मिस्त्री, तापस हीरा आदि लोग उपस्थित रहें।

# द्रोणागिरी पर्वत से हनुमान ले आए संजीवनी बूटी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामलीला संचालन के बारहवें दिन श्री रामलीला मैदान मे सेतु लक्ष्मण शक्ति, संजीवनी बूटी लाना, लक्ष्मण जागृति, कुंभकरण वध का मंचन किया गया तथा रात्रि लीला में सीता खोज, बिभिषण शरणागति का मंचन हुआ। रामलीला के प्रारंभ में पंडित विवेक शर्मा द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ तथा भजन प्रस्तुत किए गए। तदोपरांत तरुण बंसल , अजय पटनायक,विकास गोयल, डाक्टर पुनीत अग्रवाल, सचिन साह तथा राजेंद्र मुन्ना द्वारा व्यास पूजन किया गया। व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री कहते हैं कि रामा दल के सेतुबंध से होते हुए लंका तट पर पहुंचने के बाद राक्षसों से घोर संग्राम होता है और मेघनाथ द्वारा अमोघ शक्ति का उपयोग लक्ष्मण जी पर किया जाता है। जिससे लक्ष्मण जी मूर्छित हो जाते है। रामादल में शोक छा जाता है। विभीषण जी कहते हैं कि लक्ष्मण जी को केवल सुषेण वैद्य ही सही कर सकते हैं। हनुमान जी लंका से सुषेण वैद्य को लेकर आते हैं। सुषेण वैद्य कहते हैं कि अगर प्रात: होने से पहले संजीवनी बूटी मिल जाए तो लक्ष्मण का इलाज संभव है और बूटी



द्रोणागिरी पर्वत पर मिलेगी। रामादल में शोक छा जाता है कि अब तो कोई आस नही बची। तब हनुमान जी को उनके बल की याद दिलाई जाती है और भगवान श्री राम द्वारा बूटी लाने के लिए कहा जाता है। हनुमान जी आज्ञा पाकर द्रोणागिरी पर्वत को चल देते हैं। जब हनुमान जी संजीवनी ले कर प्रात: से पहले रामादल पहुंच जाते हैं और लक्ष्मण जी का इलाज वैद्य जी द्वारा किया जाता है। जिससे अमोघ शक्ति का असर समाप्त हो जाता है और लक्ष्मण जागृति हो जाती है।रावण द्वारा कुंभकरण को जगाने के प्रयास किए जाते हैं जो भगवान शिव के वरदान के कारण छ: महीने सोता है और छह महीने जागता है। जागने के बाद रावण द्वारा पूरा वृतांत उसे बताता जाता है। फिर कुंभकरण युद्ध के लिए तैयार होता है। इसके पश्चात भगवान राम एवम लक्ष्मण जी द्वारा घोर युद्ध में कुंभकरण का वध किया जाता है। रामलीला संचालन समिति के सदस्य भवानी शंकर नीरज ने बताया कि आज मेघनाथ वध तथा विजय दशमी पर रावण वध की लीला का आयोजन होगा। इस बार दशहरे वाले दिन 55 फिट के विशेष पुतले का दहन किया जाएगा। जिसके आंख और मुंह चलता हुआ होगा तथा सुंदर आतिशबाजी का प्रदर्शन पीलीभीत से आए अतिशबाज द्वारा किया जायेगा। रामलीला में संचालन समिति अजय राजौर, राजेंद्र मुन्ना, बसंत अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल सहित नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय सपरिवार उपस्थित रहे।

# दुर्गा पूजा में मीना को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने शनिवार और रविवार को शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र का तूफानी दौरा कर श्री श्री दुर्गा पूजा महोत्सव में प्रतिभाग किया, और मां दुर्गा के सम्मुख पूजा अर्चना कर क्षेत्र की तरक्की, आपसी भाईचारे की मजबूती, और क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए प्रार्थना की। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा मुखर्जी नगर के श्री दुर्गा मंदिर परिसर पहुंची। जहां आयोजकों द्वारा मुख्य



अतिथि श्रीमती शर्मा,महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,पार्षद प्रीति साना, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा आदि का फूल मालाएं पहनाकर एवं पीत वस्त्र और शॉल डालकर स्वागत किया। बाद में कलाकारों द्वारा सुंदर-सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर श्यामल मंडल, शांति रंजन, ओमियो,नारायण सरकार, प्रशांत मंडल,पुष्पा मंडल, विनोद धरसाना,अरविंद सक्सेना सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# कार्यशाला में बच्चों ने जाना पक्षियों का संसार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रतिभा बाल विद्यालय कार रोड़, बिंदुखत्ता में रचनात्मक शिक्षक मंडल की पहल पर चल रही कार्यशाला के दूसरे दिन बच्चों ने पक्षियों का संसार जानने के



साथ पेंटिंग बनाई और फिल्में देखी।प्रात: कालीन सत्र में पक्षीविद विपिन शुक्ला ने बच्चों के साथ गौला नदी क्षेत्र में भ्रमण कर उनको स्थानीय पक्षियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया उत्तराखंड में पक्षियों की लगभग 600 प्रजातियां पायी जाती हैं। जिसमें 350 के आसपास स्थानीय हैं। जबकि 250 पक्षी प्रवासी पक्षी हैं, जो विशेष रूप से जाड़ों के मौसम में हजारों किलोमीटर की यात्रा कर यहां पहुंचते हैं और गर्मी की शुरुआत होते ही अपने गृह क्षेत्रों को चले जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवासी पक्षियों में साइबेरियन पक्षी, एशियन पैराडाइज, स्केरलेट मिनिवेट्ट, स्विफ्ट हैं। इसमें स्विफ्ट मिस्र से आती है जिसको लक बर्ड स्थानीय भाषा में गोंताई कहते हैं। यह स्थानीय परिवेश के इतने अनुकूल हो चुकी है कि यह अब स्थायी रूप से यहीं रहने लगी है। उनके द्वारा स्थानीय स्थायी पक्षियों की विशेषताओं के बाबत भी बताई गई।बच्चों को भ्रमण के दौरान विभिन्न पक्षी भी दिखाए गए। बच्चों को फोटोग्राफी के टिप्स भी दिए गए। दूसरे सत्र में प्रोनोबेस कर्मकार और टुंपा चक्रवर्ती ने पेंटिंग की प्रारंभिक जानकारियां दी। रंगों का प्रयोग पेंटिंग में कैसे किया जाता है बतलाया। बच्चे के भीतर कैसे कला के प्रति जागरूकता पैदा हो इसके टिप्स दिए।तीसरे सत्र में बच्चों ने दो फिल्में देखी। चंदा के जूते और रेड बलून। चंदा के जूते इकतारा ग्रुप द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री है।जिसमें चंदा नामक एक बच्ची जो गरीब बस्ती में रहती है का प्रवेश एक प्राइवेट स्कूल में करवा दिया जाता है पर चंदा को जूते पहनना पसंद नहीं।फिल्म में भारतीय शिक्षा व्यवस्था की विसंगतियों को बहुत ही बेहतरीन तरीके से उठाया गया है। रेड बलून ऑस्कर पुरुस्कार प्राप्त फ्रेंच फिल्म है। फिल्म में एक बच्चे के लाल गुब्बारे से आत्मीय संबंध को दिखाया गया है।इस फिल्म में बच्चों के भीतर मौजूद संवेदनशील प्रवृति को बहुत ही बेहतरीन तरीके से सामने लाया गया है। इस दौरान प्रभात पाल, नवेंदु मठपाल, प्रधानाचार्य गिरीश तिवारी, गीता तिवारी, बलवंत बोरा, संजय कुमार, हरीश दानू समेत बच्चों ने प्रतिभाग किया।

# विधायक अरविंद पांडेय ने किया नोमान इवी मोटर्स का शुभारम्भ

गदरपुर(उद संवाददाता)।निकटवर्ती ग्राम महतोष मोड़ स्थित पाशा मार्किट में नव प्रतिष्ठान का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय एवं शमशुन निशा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रतिष्ठान के स्वामी नफीस पाशा एवं नोमान पाशा ने क्षेत्रीय विधायक का स्वागत किया।ततपश्चात क्षेत्रीय विधायक पांडेय एवं नफीस पाशा की माता शमशुन निशा ने प्रतिष्ठान का शुभारम्भ करते हुए आशीर्वाद दिया।इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने नफीस भाषा को



नव प्रतिष्ठान की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की वही नफीस भाषा ने बताया कि जहां एक और पेट्रोल दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की से महंगा हो रहा है ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी क्षेत्रीय जनता के लिए एक बड़ी सौगात है उन्होंने बताया कि दिवाली के शुभ अवसर पर प्रत्येक स्कूटी पर छ999 की छूट एवं फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध रहेगी उन्होंने कहा इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी एवं बाइक उचित दामों पर उनके प्रतिष्ठान पर मौजूद है। इस मौके पर भाजपा नेता अतुल पांडेय,शरीफ अहमद, जावेद, तस्लीम, महबूब प्रधान, नवी जान प्रधान, छोटे शाह, मकसूद, मोहम्मद यासीन, अब्दुल हसन, नफीस पाशा, सद्दाम पाशा, मोहम्मद सलीम, बबलू, गुड्डू, मोईन, मोहम्मद उमर, फैजल, आर्यन, इदरीश पाशा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# दिनेशपुर, मटकोटा सड़क मार्ग के पुन:निर्माण के लिए धरना प्रदर्शन जारी

गदरपुर(उद संवाददाता)।दिनेशपुर मटकोटा मार्ग के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी के नेतृत्व में दिनेशपुर चौराहे पर चौथी बार सांकेतिक उपवास धरना दिया गया। सुभाष व्यापारी ने बताया कि यह एक स्थानीय जन समस्या है यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है यहां पर अभी तक सरकार व प्रशासन की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है ना ही कोई सरकार का प्रतिनिधि धरना स्थल पर पहुंचा है पूरी सरकार संवेदन हीन हो गई है स्थानीय विधायक स्थानीय सांसद भी कोई सुध नहीं ले रहे हैं जिससे जनता में जन आक्रोश बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि यदि सरकार जल्दी सड़क का पुन निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं करती है तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा ।इस दौरान बृजेश कुमार, तपन घरमी, संजीव कुमार, कमल शाह, राकेश कुमार, सुभाष मांझी, विजय सिंह, सुनील हालदार, जगदीश चंद्र, नरेश मंडल, सुमिलन, दीपक चक्रवर्ती, सुबोध भक्त, हिमांशु कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



# आम आदमी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी भंग

देहरादून(उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी के गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि आम आदमी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी को केंद्रीय नेतृत्व द्वारा भंग कर दिया गया है। उन्होंने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि आम आदमी पार्टी के महामंत्री संदीप पाठक द्वारा उत्तराखंड प्रदेश की कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है और उन्होंने कहा है कि जल्द ही नई कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। आज ही से सभी प्रकल्पों एवं प्रकोष्ठों को भंग समझा जाए। उन्होंने सभी पदाधिकारी,प्रकोष्ठ अध्यक्षों आदि का धन्यवाद किया कि उन्होंने बहुत ही बखूबी से अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन किया है।

# मोबाइल चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कमरे से मोबाइल चोरी करने के बाद लौटाने की ऐवज में पैसे की डिमांड कर रहे चोर को मोबाइल स्वामी ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम तुमडिया नवाबगंज बरेली निपवासी भुवनेश कुमार पुत्र मदन लाल ट्रांजिट कैम्प मछली बार में किराये के मकान में रहता है। विगत दिवस उसका मोबाइल फोन कमरे से चोरी हो गया। भुवनेश ने बताया कि रविवार को उसने जब अपने मोबाइल पर फोन किया तो किसी व्यक्ति ने फोन उठाया और कहा कि अगर फोन वापस चाहिए तो ढाई हजार रूपये दो। उक्त व्यक्ति ने सिडकुल ढाल पर पैसे लेकर आने को कहा। भुवनेश ने सिडकुल ढाल पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया उसके पास से मोबाइल बरामद हो गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राकेश हाल्दार पुत्र रतन हालदार निवासी निकट रॉक जिम ट्रांजिट कैम्प बताया। भुवनेश ने अपने साथी के साथ मिलकर आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पेज एक का शेष...

**बुराईयों को दूर करने...**बंगाली समाज की मुख्य मांग पूरी करते हुए बच्चों के तहसील कार्यालय द्वारा जारी किये जाने वाले प्रमाण पत्रों में पूर्वी पाकिस्तान शब्द हटाया। इतना ही नहीं बंगाली परिवार की महिलाओं के विकास के लिए भी कई कार्य किये गये। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां दुर्गा पूजा का विशेष महत्व माना गया है। मां दुर्गा सबकी मनोकामनाएं पूरी करती है। उन्होंने कहा कि बंगाली मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिए वह 50 लाख रूपये देने की घोषणा करते है। मंदिर पूर्ण रूप से तैयार हो जाने के बाद यहां आने वाले भक्त जनों की संख्या में वृद्धि होगी और नानकमत्ता गुरूद्वारा की तरह यहां पर भी लोग आर्शीवाद लेने आयेंगे। अपने सम्बोधन में विधायक प्रेम सिंह राणा ने कहा कि नानकसागर के पास ग्रामों में निवास करने वाले ग्रामीणों को सरकार द्वारा भूमि के पट्टे दिये जायें। इस मौके पर मंदिर कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री श्री धामी को मां दुर्गा की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। श्री धामी ने नानकमत्ता गुरूद्वारा में दूध वाला कुआं का दर्शन किया और बाबा तरसेम सिंह से आर्शीवाद लिया। इस मौके पर रूद्रपुर विधायक शिव अरोरा, रूद्रपुर मेयर रामपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, प्रेम सिंह टुरना, राजपाल सिंह, केडी गहतोड़ी, राजन चौहान, डीएम उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसडीएम तुषार सैनी आदि मौजूद थे।

**युवक की संदिग्ध...** स्थानों पर गायब युवक का पता किया लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। शाम लगभग 7:30 बजे किसान इंटर कॉलेज के समीप स्थानीय लोगों ने एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में पड़ा देखा। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जमीन पर पड़े युवक की शिनाख्त करने के बाद इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। प्रथम दृष्टया पुलिस की जांच में युवक मृत पाया गया। उसके मुंह तथा नाक से झाग आ रहा था। मृतक परिजनों का यह भी कहना है कि मृतक शराब का आदी था। फिलहाल घटना के बाद से मृतक परिवार में शोक व्याप्त है।

**विवेचना के लिये...**गलौज कर किसी भी पुलिस कर्मी के गांव में आने का विरोध किया। एसआई के मना करने पर आरोपी हाथापाई करने लगा। इससे दरोगा की वर्दी फट गई। उनके हाथ में भी चोट भी लग गई। एसआई शंकर ने घटना की सूचना थाने में तत्काल दी। सूचना मिलते एसआई लक्ष्मण जोशी, एसआई संजय कुमार, कांस्टेबल नवनीत कुमार, नवीन जोशी, रणवीर सिंह आदि की पुलिस टीम गांव पहुंची। पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। घायल एसआई शंकर ने अस्पताल में मेडिकल करा थाने में तहरीर दी। इस आधार पर पुलिस ने आरोपी भोला के खिलाफ आईपीसी की धारा 332, 353, 427, 504, 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली। आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**पैसे कमाने के लिए...**हुई। उक्त लोगों ने बताया कि वह छतरी चौराहा पीलीभीत में अबॉट ओवरसीज के नाम से प्रतिष्ठान चलाते हैं और लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। उक्त लोगों ने बताया कि अब तक कई लोगों को विदेश भेज चुके हैं।एक व्यक्ति को विदेश भेजने के लिए पासपोर्ट वीजा आदि बनाने के एवज में 15 लाख की मांग की गयी। मन्जीत सिंह, बलजिंदर सिंह का कहना है कि उन्होंने जमीन गिरवी रखकर 15-15 लाख रूपये भुगतान कर दिये। उन्हें ज्यूजीलेंड जाने के लिए वीजा और वर्क परमिट दिया गया। जिससे वह न्यूजीलेंड तो पहुंच गये। लेकिन वहां न्यूजीलैंड इमिग्रेशन ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। वहां की पुलिस ने बताया कि आपका टूरिस्ट वीजा फर्जी कारोबार दिखाकर लगाया गया है। जिस कंपनी की आड़ में भेजा गया पता चला कि उस नाम की कोई कम्पनी ही वहां पर नहीं थी। पीड़ितों ने बताया कि उन्हें हथकड़ी लगाकर जेल भेजा गया। बाद में उन्होंने वहां रहने वाले अपने गांव के ही मित्र गगनदीप सिंह को बुलाया और वकील के माध्यम से किसी तरह जमानत कराई । जमानत कराने के लिए उन्हें तीन हजार डालर यानि करीब 1 लाख 47 हजार रूपये प्रति व्यक्ति और खर्च करने पड़े। बमुश्किल वापस लौटकर जब उन्होंने यहां आकर उक्त लोगों से पैसा वापस देने की मांग की तो जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले में पुलिस से शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुयी। अब न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**शातिर ठग ने ...** है। जिसके लिए आपके खाते में 7 लाख 40 हजार रूपये भेज रहा हूं। पैसे चौबीस घंटे के भीतर खाते में पहुंच जायेंगे। लेकिन चौबीस घंटे में खाते में रकम नहीं पहुंची। जिसके बाद पुन: उक्त शख्स ने फोन किया और कहा कि मैंने दिल्ली में एजेंट को छह लाख रूपये देने हैं। फोन करने वाले ने झांसा देकर तीन खातों में परमजीत सिंह से 4 लाख 50 हजार रूपये डलवा लिये। उसके बाद जब बार बार संपर्क करने के बाद भी उक्त व्यक्ति से फोन पर संपर्क नहीं हो पाया तो परमजीत सिंह को ठगी का अहसास हुआ। साईबर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कीरतपुर में 'हाउस ऑफ हूयूमनिटी' का हुआ भूमि पूजन

## जरूरतमंदों की मदद के लिए जिंदगी जिंदाबाद संस्था करायेगी भवन का निर्माण, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने मदद का दिया आश्वासन, विधायक शिव अरोरा ने की पांच लाख देने की घोषणा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सामाजिक संस्था जिंदगी जिंदाबाद द्वारा जरूरतमंदों की सेवा के लिए कीरतपुर में बनाये जा रहे 'हाउस ऑफ ह्यूमिनिटी' (मानवता का घर) का विधिवत पूजा अर्चना के साथ भूमि पूजन किया गया। भूमिपूजन का कार्यक्रम किच्छा विधायक एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलक राज बेहड़ , रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा , गदरपुर विधायक पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे, प्रमुख समाजसेवी भारत भूषण चुघ, दीपक अरोड़ा,एनआरआई सरदार देवेंद्र सिंह, समाजसेवी विजय भूषण गर्ग, समाजसेवी दिनेश श्यामपुरिया, अजमेर सिंह बहेल, सरणजीत सिंह, सरदार सुरमुख सिंह विर्क, सरदार दलविंदर सिंह, सरदार दलवीर सिंह, सरदार दलजिंदर सिंह, सरदार हरप्रीत सिंह, कुलबीर ढिल्लों, समाजसेवी प्रदीप बंसल, एमडी बंसल ज्वैलर्स दीपांशु बंसल, सरदार जितेंद्र सिंह सेक्रेटरी बाबा दीप सिंह शहीद स्मारक सेवा ट्रस्ट, जत्थेदार बाबा गुरदेव सिंह, आदि प्रमुख लोगों लोगों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। जिंदगी जिंदाबाद के अध्यक्ष करमजीत चानना ने मंच से सभी का स्वागत व अभिनंदन किया गया। उपस्थित सभी शहर व आसपास के गणमान्य व्यक्तियों ने हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान ही जनप्रतिनिधियों एवं एनआरआई के द्वारा सहयोग राशि की भी घोषणा की गई। भूमि पूजन कार्यक्रम में रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा ने विधायक निधि से 5 लाख देने की घोषणा की, वही गदरपुर विधायक पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे ने भवन निर्माण हेतु जिंदगी जिंदाबाद के साथ पूरी तरह से सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं किच्छा विधायक पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलक राज बेहड द्वारा सहयोग का आश्वासन दिया। भारत भूषण चुघ ने अपने संबोधन में जिंदगी जिंदाबाद के कार्यक्रमों की सराहना की सहयोग का भी आश्वासन दिया। दीपक चराया, ने जिंदगी जिंदाबाद को भवन निर्माण हेतु दान स्वरूप भूखंड दिया है। दान स्वरूप मिले भूखंड पर जिंदगी जिंदाबाद के द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए भवन का निर्माण किया जाना है। उपस्थित सभी लोगों ने दीपक चराया के प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा की, अंत में जिंदगी जिंदाबाद के प्रमुख करमजीत चानना ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर करमजीत चानना ने कहा कि जिंदगी जिंदाबाद संस्था द्वारा गरीबों की मदद का बीड़ा उठाया गया है। इसी इसी उद्देश्य से जिंदगी जिंदाबाद संस्था को दान स्वरूप मिली जमीन पर भवन बनाने के लिए भूमि पूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों को 5 रूपये में हर चीज उपलब्ध कराई जाएगी। बेसहारा वृद्ध लोगों को छत मिले इसके लिए भी व्यवस्था की जा रही है।







# गांधी पार्क में दशहरा मेले की तैयारियां शुरू

## मुन्ने दशकों से बना रहे रावण, मेघनाथ व कुम्भकरण के पुतले

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुतले बनाने में महारत हासिल कर चुके शबाज गेट कोतवाली रामपुर निवासी मुन्ने भाई पुत्र स्व. गफ्फार पिछले कई दशकों से दशहरा पर्व के मौके पर रावण, मेघनाथ तथा कुम्भकरण के पुतले बना रहे हैं। यहां गांधी पार्क में भी वह कई वर्षों से पुतले बनाकर अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके साथ पुतले बनाने में उनका पुत्र गुड्डू सहयोग कर रहा है। साथ ही बवनपुरी रामपुर निवासी युवक अरबाज पुत्र मौ. अली भी मदद में जुटा हुआ है। पिछले करीब एक पखवाड़े से तीनों पुतले बनाने में जुटे मुन्ने भाई ने बताया कि सभी पुतलों को आज सायं तक तैयार कर उसमें आतिशबाजी लगी दी जायेगी तथा कल पुतलों को गांधी पार्क में निर्धारित स्थान पर खड़ा कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि कड़ी मेहनत से तैयार किये गये पुतलों को आग में धूं धूं कर जलते देखते उन्हें काफी वर्ष गुजर चुके हैं। वहीं गांधी पार्क में दशहरा पर्व मनाने के लिए तैयारियों के मद्देनजर बेरिकेटिंग का कार्य भी लगभग पूरा हो गया है। आम दर्शकों , विशिष्ठ अतिथियों के बैठने के लिए जहां पुख्ता व्यवस्थायें की जा रही ह वहीं भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आने जाने वाले मार्गों की व्यवस्थायें भी दुरूस्त की जा रही हैं। राम लीला मंचन के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था न हो इसके लिए रामलीला कमेटी ने सभी इंतजाम कर लिए है। पुलिस अधिकारियों ने आयोजन स्थल का जायजा लिया।





# फ्लाप रहा मेयर के खिलाफ कांग्रेस का धरना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अटरिया रोड़ निर्माण को लेकर कांग्रेस महा नगर अध्यक्ष सीपी शर्मा द्वारा अटरिया मोड़ पर मेयर के विरूद्ध किया गया धरना कार्यकताओं के न पहुंचने से सुपर फ्लाप साबित हो गया। बताया जाता है कि नगर निगम द्वारा अटरिया मार्ग के लिए बार्ड की बैठक में 25 फीट की स्वीकृति हुई थी। परंतु निगम द्वारा वहां मात्र 12 फीट का मार्ग ही बनवाया जा रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने अटरिया मंदिर के पास मेयर रामपाल सिंह के समक्ष विरोध जाहिर किया था। साथ ही धमकी दी थी कि यदि मार्ग 25 फीट नहीं बनवाया गया तो वह इसके खिलाफ धरना देंगे। आज कांग्रेस वार्ड 6 के अध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सीपी शर्मा ने अटरिया मोड़ पर धरना देने का ऐलान किया। श्री शर्मा धरना देने के लिए वहां आ भी गये। दरियां भी पहुंच गई। लेकिन वहां कार्यकर्ताओं की संख्या दहाई तक भी नहीं थी। पार्टी की किरकिरी होते देख मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों को अपनी सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी एमएनए श्री दुर्गापाल से बात हुई है। जिन्होंने इस मामले में ज्ञापन देने को कहा है। यदि इसके बाद भी मार्ग 25 फीट नहीं बनाया जाता है तो आन्दोलन किया जायेगा।




